प्रॉजेक्ट में देरी से तीन फेज़ में शुरू होगी अंडरग्राउंड मेट्रो

मई 2024 में पहला फेज़ शुरू होने की संभावना

Pankaj.Pandey@Timesgroup.com

■ मुंबई: कोलाबा से आरे के बीच मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो सेवाएं तीन फेज में यात्रियों के लिए खोली जाएंगी। निर्माण कार्य को पूरा करने में हो रही देरी के चलते मेट्रो-3 कॉरिडोर पर अब दो फेज की बजाय तीन फेज में मेट्रो सेवाएं शुरू करने का फैसला लिया गया है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (MSRC) ने पहले फेज में आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो शुरू करने की योजना बनाई थी और दूसरे फेज में बाकी का काम पूरा होने पर मेट्रो सेवाएं शुरू होनी थीं। प्रॉजेक्ट में देरी को देखते हुए अब पहले फेज में आरे से बीकेसी तक, दूसरे फेज में बीकेसी से वर्ली तक और तीसरे फेज में वर्ली से कोलाबा के बीच मेट्रो सेवाएं शुरू हो सकेंगी।

File Pic

पहला फेज़	दूसरा फेज़	तीसरा फेज़
आरे से बीकेसी (मई से सेवा शुरू होने की उम्मीद)	बीकेसी से वर्ली (अक्टूबर से शुरू होगी)	वर्ली से कोलाबा (2024 के अंत तक)

मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो सेवा

मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो में यात्रियों के सफर करने का इंतजार लंबा होता जा रहा है। पहले अप्रैल में ही आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने की बात की जा रही थी, लेकिन ट्रायल रन की अनिवार्य प्रक्रिया पूरी करने में हो रही देरी के चलते पहले फेज के लिए तय अप्रैल की डेडलाइन मिस हो सकती है। एमएसआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो मई में दौड़ सकती है। वहीं, अक्टूबर में दूसरे फेज के तहत बीकेसी से वर्ली रूट पर मेट्रो दौड़ेगी। तीसरे फेज के तहत बचे हुए मार्ग पर 2024 के अंत तक मेट्रो सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। ट्रायल रन की प्रक्रिया जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

NBT Lens
समझिए खबरों के अंदर की बात

जल्दी शुरू करने का दबाव

कई स्थानों स्थानीय लोगों के विरोध के चलते मेट्रो मार्ग और स्टेशन निर्माण का काम देरी से शुरू हुआ था। इस वजह से कुछ स्टेशनों पर सभी काम पूरा करने में समय लग रहा है। चुनावी वर्ष को ध्यान में रखते हुए प्रशासन पर इस वर्ष मेट्रो सेवा शुरू करने का दबाव है, इसी वजह से पूरे फेज का काम पूरा होने का इंतजार करने की बजाय एमएसआरसी आरे से बीकेसी के बीच अक्टूबर में वर्ली तक मेट्रो सेवा शुरू कर सकती है। राजनीतिक कारणों की वजह से मेट्रो के कारशेड का निर्माण कार्य करीब ढाई साल तक रुका हुआ था। सत्ता परिवर्तन के बाद आरे में कारशेड के निर्माण ने तेजी पकड़ी है। वहीं, कारशेड का सिविल वर्क अभी अंतिम चरण में है। लेकिन, ट्रेनों के रखरखाव के लिए आरे में तकनीकी कामों को पूरा करने में समय लग रहा है। इस वजह से भी मेट्रो सेवा शुरू करने में देरी हो रही है।

File Pic

वर्ष 2016 से शुरू हुआ मेट्रो-3 का काम

वर्ष 2016 से आरे से कोलाबा के बीच मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए आरे में कारशेड तैयार करने का काम 95 फीसदी तक पूरा हो चुका है। एमएसआरसी ने 9 ट्रेन के साथ मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना तैयार की है। 8 डिब्बों की 9 ट्रेन पहले ही आरे पहुंच चुकी है। डिपो में ही सभी ट्रेनों की असेम्बलिंग का काम भी तकरीबन पूरा कर लिया गया है। आरे से बीकेसी के बीच पिछले वर्ष से ही ट्रायल रन चल रहा है। एमएसआरसी ने मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण कार्य 85 फीसदी से अधिक तक पूरा कर लिया है। मौजूदा समय में स्टेशन परिसर में उपकरणों को लगाने और अंतिम फिनिशिंग का काम चल रहा है।